तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 8 जुलाई 2026

12 तेज बारिश के बीच श्री रामजानकी मंदिर में ...

11 मुड़पार में माता पहुंचनी का उल्लास, गाजे-बाजे के ...







## खबर संक्षेप

### एल्डरमैन नियुक्ति पर कांग्रेस का भाजपा सरकार पर हमला

**भटगांव।** नगर पंचायत भटगांव में एल्डरमैन नियुक्ति को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व मनोनीत पार्षद रामानंद हिरवानी ने आरोप लगाया



कि नियुक्तियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और महिला सम्मान के दावे करने वाली सरकार नियुक्तियों में संतुलन बनाए रखने में विफल रही है। हिरवानी ने कहा कि एससी-एसटी समाज को केवल चुनावी समर्थन तक सीमित नहीं रखा जा सकता, बल्कि निर्णय प्रक्रिया में भी सम्मानजनक भागीदारी मिलनी चाहिए। उन्होंने भविष्य में सभी वर्गों को संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग की।

### दो मामलों में 10 वाहन जब्त, चार आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** दोपहिया वाहन चोरी के दो अलग-अलग प्रकरण में पुलिस ने 10 दोपहिया वाहन जब्त कर एक नाबालिग सहित चार शातिरों को गिरफ्तार किया है। उरला पुलिस ने शातिर बाइक चोर aअभय दुबे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पांच तथा अभनपुर थाने की पुलिस ने आकाश लहरी, संदीप कुमार सिंह तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच दोपहिया वाहन जब्त किए हैं। पुलिस ने दोनों प्रकरणों में मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

### फर्जी कस्टमर केयर से 2.17 लाख की ठगी

**रायपुर।** फर्जी कस्टमर केयर से ऑनलाइन रेलवे टिकट बुक करने पर एक युवक के साथ 2.17 लाख की ठगी हो गई। राकेश कुमार शुक्ल ने मुजगहन थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि वो 3 जुलाई को गूगल से रेलवे कस्टमर केयर का नंबर सर्च कर ऑनलाइन टिकट बुक किया। जालसाज ने उसे अपनी बातों में उलझाकर बैंक के साथ यूपीआई डिटेल की जानकारी हासिल कर अकाउंट से रुपए अपने अकाउंट में ट्रांसफर करा लिया।

**मौसम :** आधी रात अचानकपुर में बिजली ठीक करने जा रहे थे कर्मचारी

# उफनते नाले में गिरी बिजली विभाग के कर्मचारियों की गाड़ी, तीन ने तैरकर बचाई जान, एक लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





विद्युत विभाग का काम करने जा रहे ठेकेदार के कर्मचारियों की पिकअप गाड़ी उफनते खोरसी नाले में गिर गई। हादसे में तीन कर्मचारियों ने तैरकर अपनी जान बचा ली, जबकि एक कर्मचारी लापता हो गया। उसकी तलाश के लिए एसडीआरएफ, पुलिस और ग्रामीणों की टीम लगातार रेस्क्यू अभियान चला रही है।

जानकारी के अनुसार, बलौदा बाजार विद्युत मंडल में देर रात ग्राम पंचायत अचानकपुर में विद्युत अवरोध की सूचना मिलने पर ठेकेदार के चार कर्मचारी पिकअप से मौके पर जा रहे थे। रास्ते में खोरसी नाले पर बने एनीकट को पार करते समय तेज बहाव के कारण वाहन अनियंत्रित होकर नाले में गिर गया। वाहन में सवार तीन कर्मचारी किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए, लेकिन कार्तिक धुव तेज बहाव में लापता हो गया।

विद्युत विभाग के डीई आदित्य ठाकुर ने बताया कि रात करीब दो बजे अचानकपुर से बिजली बाधित होने की सूचना मिली थी। विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए ठेकेदार के चार कर्मचारी भेजे गए थे। रास्ते में एनीकट पर वाहन पलट गया। तीन कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकल आए, जबकि एक कर्मचारी की तलाश जारी है।

**पूर्व विधायक प्रमोद भी खोजबीन में जुटे रहे:** पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा स्वयं ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और लापता कर्मचारी कार्तिक धुव की तलाश में जुटे रहे। उन्होंने ग्रामीणों का हौसला बढ़ाते हुए एसडीआरएफ टीम के साथ पिकअप वाहन को बाहर निकालने में भी सहयोग किया। साथ ही एसडीएम के साथ मोटरबोट से नाले में तलाश अभियान चलाया।

**एसडीएम ने मोटरबोट से किया निरीक्षण :** बलौदाबाजार एसडीएम प्रकाश कोठी ने स्वयं मौके पर पहुंचकर एसडीआरएफ टीम के साथ मोटरबोट से खोरसी नाले में लगभग 10 किलोमीटर तक खोजबीन ▶▶ शेष पेज 10 पर

## तेज बारिश से गिरा कच्चा मकान, बाल-बाल बचा पूरा परिवार

**भटगांव।** पिछले दो-तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने गरीब परिवार का आशियाना छीन लिया है।


- खाने का सामान भी हुआ नष्ट, गरीब परिवार के सामने आया बढ़ा संकट

इस आपदा से सिर से अगर छत छीन लिया जाए तो परिवार कैसे गुजारा करेगा। ऐसा ही नगर पंचायत भटगांव के वार्ड नंबर 1 निवासी लाल सिदार की पत्नी के साथ घटी है। भारी बारिश की वजह से भटगांव में शनिवार रात्रि में श्री लाल की पत्नी अपने परिवार के साथ सो रही थी। मकान एकदम से भरभराकर गिर गया। इस घटना में घर में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि घर गिरने से किसी के जान-माल की छति नहीं हुई। पीड़ित गृहस्वामी ने बताया कि शनिवार रात्रि को अपने परिवार के साथ सो रही थी। लगातार बारिश होने की वजह से रात्रि में घर अचानक गिर गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि मिट्टी खपरे से बना पुराना घर था, जिसमें हम वर्षों से गुजर बसर करते आ रहे हैं। अचानक पूरा घर गिर गया, पीड़ित परिवार ने आगे बताया कि इस घर के अलावा अब दूसरा घर नहीं है। घर गिरने से पूरा परिवार सड़क पर आ गया है। अब खाने पीने के लिए भी कष्ट उठाना पड़ रहा है। जैसे ही इस घटना की जानकारी वार्ड के पार्षद प्रवेश दुबे को मिली मौके पर तत्काल पहुंचकर घटना की जानकारी लेने के बाद राजस्व अधिकारी और क्षेत्र के पटवारी को इस घटना ▶▶ शेष पेज 10 पर



## बरछा नाला का पुलिया टूटा, मुरा के किसानों का आना-जाना हुआ बाधित

**बंगोली।** ग्राम पंचायत मुरा स्थित भाटापारा नहर शाखा नाला बरछा पर लगभग 15 वर्ष पूर्व निर्मित लोहे की पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त और टूट चुकी है। पुलिया के टूट जाने से ग्राम मुरा के सैकड़ों किसानों का खेतों तक आवागमन बाधित हो गया है। ट्रैक्टर, हार्वेस्टर तथा अन्य कृषि यंत्रों का आवागमन बंद होने से खेती-किसानी के कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं।किसानों ने बताया कि पुलिया टूटने के कारण उन्हें मजबूरी में धनसुली–रायखेड़ा मार्ग से लगभग 3 किमी अतिरिक्त दूरी तय कर खेतों तक पहुंचना पड़ रहा है, जिससे समय, श्रम और आर्थिक नुकसान लगातार बढ़ रहा है। बरसात के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है तथा किसानों के सामने खेती का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुलिया ग्राम मुरा के सैकड़ों किसानों के लिए मुख्य कृषि मार्ग है। पुलिया पूरी तरह टूट जाने के कारण किसी भी प्रकार के भारी वाहन का आवागमन ▶▶ शेष पेज 10 पर



## बारिश से जमनैया नाला उफान पर, बाधित रहा आवागमन



**सुहेला।** लगातार हुई बारिश के बाद जमनैया नाला उफान पर था, इससे सुहेला–रावन मार्ग पूरी तरह बाधित रहा। हालात ऐसे हैं कि ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और दैनिक यात्रियों को अपनी जान जोखिम में डालकर नाला पार करना पड़ रहा था। वहीं, जो लोग इस जोखिम से बचना चाहते हैं, उन्हें मात्र दो किलोमीटर की दूरी तय करने के बजाय करीब दस किलोमीटर का लंबा चक्कर लगाकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ रहा था। सबसे चिंताजनक बात यह है कि घटनास्थल पर न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है, न बैरिकेडिंग की गई है और न ही पुलिस या प्रशासन की ओर से कोई सुरक्षा व्यवस्था दिखाई देती है। तेज बहाव के बीच मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर और पैदल लोग आवागमन कर रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भानुप्रताप वर्मा ने बताया कि नाले के पुल पर लगे लोहे के छोटे-बड़े सरिए (छड़) ▶▶ शेष पेज 10 पर

**महिला आयोग ने निलंबन की सिफारिश की**

# बिलाईगढ़ सीएमओ पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

कार्यस्थल पर महिलाओं के कथित लैंगिक उत्पीड़न के गंभीर मामले में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सिफारिश के बाद नगर पंचायत बिलाईगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील चौधरी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। आयोग ने जांच पूरी होने तक सीएमओ को निलंबित करने की अनुशंसा की है। अब पूरे मामले में जिला प्रशासन, विशेषकर कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ की भूमिका सबसे अहम मानी जा रही है।

सोमवार 7 जुलाई को प्रेरणा स्वच्छता समूह की महिलाओं ने जनदर्शन में पहुंचकर महिला आयोग के आदेश की प्रति कलेक्टर को सौंपी और तत्काल कार्रवाई की मांग की। महिलाओं का कहना है कि वे पिछले छह से सात महीनों से न्याय की गुहार लगा रही थीं। अब जब महिला आयोग ने शिकायतों को प्रथम दृष्टया गंभीर मानते हुए जांच और जांच अवधि तक निलंबन की अनुशंसा की है, तो प्रशासन को बिना देरी कार्रवाई करनी चाहिए। महिलाओं ने निष्पक्ष जांच समिति गठित करने, मामले की पारदर्शी जांच कराने और आरोप सिद्ध होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की मांग भी रखी।



### आयोग ने दिए दो माह में जांच के निर्देश

महिला आयोग के समक्ष दर्ज शिकायत में सीएमओ पर कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ कथित अभद्र व्यवहार, अपमानजनक भाषा का प्रयोग, अनुचित आचरण और मानसिक प्रताड़ना जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आयोग ने कलेक्टर को निर्देश दिया है कि मामले की जांच कराकर दो माह के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए तथा जांच पूरी होने तक संबंधित अधिकारी को निलंबित रखने पर विचार किया जाए।

### कलेक्टर के फैसलें पर टिकीं निगाहें

महिला आयोग की अनुशंसा के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिला प्रशासन कितनी तेजी से कार्रवाई करता है। यदि आयोग के निर्देशों का समयबद्ध पालन होता है, तो यह कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के प्रति प्रशासन की गंभीरता का मजबूत संदेश होगा। वहीं, कार्रवाई में विलंब होने पर पीड़ित महिलाओं के न्याय की उम्मीदों को झटका लग सकता है।महिलाओं ने स्पष्ट कहा है कि यदि आयोग के आदेश के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होती, तो उनका न्याय व्यवस्था पर विश्वास कमजोर होगा। फिलहाल पूरे मामले में कलेक्टर के अगले कदम का इंतजार किया जा रहा है।

# हत्या के दोषी पिता-पुत्र को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

अपर सत्र न्यायालय भाटापारा के न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल ने थाना भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम भोथीडीह निवासी दोषी ओमप्रकाश ध्रुव एवं गोपाल ध्रुव को हत्या के आरोप सिद्ध होने पर आजीवन कारावास और आर्थिक दण्ड से दंडित किया है।

- जमीन विवाद ने ली जान, जीजा-भांजे पर हत्या का आरोप

उक्त रिपोर्ट पर थाना हथबंद द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में घटना स्थल निरीक्षण कर शव पंचनामा कर जब्ती कार्रवाई के बाद गवाहों के कथन लिए जाकर आरोपी का पता तलाश कर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जहां एक टांगिया, बांस का डंडा एवं कपड़े को आरोपी ओमप्रकाश ध्रुव द्वारा अपने घर से निकाल कर पेश करने पर गवाहों के समक्ष जब्त किया गया तथा संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय ▶▶ शेष पेज 10 पर

### खेत बोने के विवाद में किसान की पीट-पीटकर हत्या

अपर लोक अभियोजक भाटापारा कैलाश यादव ने बताया कि मृतक संतराम के पुत्र लेखराम ध्रुव द्वारा थाना हथबंद में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 23 जून 2024 को दादी की जमीन जिसे उसके जीजा ओमप्रकाश ध्रुव लोग जो दादी के साथ रहते व बोते - खाते थे, पिछले वर्ष दादी की मृत्यु के कारण उक्त खेत को बोने प्रार्थी अपने पिता संतराम ध्रुव के साथ परिवार सहित जाकर बोवाई किया था तथा करीब 3 बजे गांव के ही राजू ध्रुव के अधिया लिए खेत को महेंद्र ध्रुव के ट्रैक्टर से बोवाई करवा रहे थे, उसी समय उसके जीजा ओमप्रकाश ध्रुव एवं भांजा गोपाल ध्रुव हाथ में डंडा लिए मां - बहन की गाली गलौच करते खेत को कैसे बो दिए कहकर गुस्से में आकर उसके पिता संतराम ध्रुव के साथ मारपीट शुरू कर दिए, जिसे देखकर प्रार्थी बचाव के लिए सरपंच को घटना के बारे में बताने गांव आया। कुछ देर बाद ग्राम सरपंच, समाज वालों तथा कोटवार को बताने के बाद कोटवार के साथ घटना स्थल पहुंचा तो उसके पिता चित्त अवस्था में पड़ा मिला तथा उसके दोनों हाथ, गला, सीना और पैर के जांघ, घुटना में खून लगा था, उसकी मृत्यु हो गई है। उसके पिता को आरोपियों द्वारा उनके खेत को क्यों बोये हो कहकर एक राय होकर हत्या करने के इरादे से लाठी डंडा, टांगिया से मारपीट कर हत्या किए हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**रायपुर**। एकात्म परिसर में भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म जयंती के उपलक्ष्य में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कर उनको याद किया। जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने अपने स्वागत उद्बोधन में डॉ. मुखर्जी जी को जयंती में याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सम्मेलन में मुख्य रूप से रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, संभाग सहप्रभारी डॉ. राजीव सिंह एवं रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता शिवरतन शर्मा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से कार्यकर्ताओं को जानकारी दी।

### ढाबा में चोरी का प्रयास चार के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद**। ग्राम केरामुंडा के आरके ढाबा में चोरी का प्रयास करने के आरोप में चार लोगों के विरूद्ध कोमाखान थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 30 जून को केरामुंडा स्थित आरके ढाबा के सेप्टिक टैंक के पास कुछ लोग पिकअप में जनरेटर, लोहे का प्लाउ नागर एवं जाली तार को लोड कर रहे थे। इस दौरान ढाबा का चौकीदार अमजद खान मनिहार और खेमराज साहू वहां पहुंचे तो वे आरोपी वहां से भाग गए। अमजद खान ने आरोपियों में से एक की पहचान ढाबा के पूर्व वेटर रामेश्वर अहिरे के रूप में की।

### खरोरा सोसायटी में मनाया चावल उत्सव

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के शासकीय उचित मूल्य की दुकान में 7 जुलाई को चावल उत्सव मनाया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत बनाना है। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सतर्कता समिति के सदस्यों और सेल्समैन सपना रजक व समेत हितग्राहीगण मौजूद रहे। बता दें कि इस महीना 7 जुलाई को चावल मनाया गया। राशन कार्डधारी परिवारों को बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण अंगूठा लगाकर जुलाई महीना का चावल वितरित किया जा रहे हैं।

### 90 विधानसभा क्षेत्र में राज्यव्यापी अभियान चलाएगी आपः संजय

**महासमुंद**। आम आदमी पार्टी ने नकटी गांव में हुई बुलडोजर कार्यवाही को गरीब किसान और आम नागरिकों के सम्मान के सम्मान पर सीधा हमला बताया है। आम आदमी पार्टी ने घोषणा की है कि बुधवार 8 जुलाई को प्रदेश की सभी 90 विधानसभा क्षेत्र में एक साथ प्रदेशव्यापी अभियान चलाएगा। इस अभियान के तहत प्रत्येक विधानसभा में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल संबंधित विधायक से मुलाकात कर उनसे लिखित सहमति पत्र प्राप्त करने का प्रयास करेगा कि वे गरीबों की जमीन और उजड़े हुए आशियानों पर बनने वाले प्रस्तावित विधायक निवास को स्वीकार नहीं करेंगे।





### बारिश ने निखारी सिद्धखोल की खूबसूरती, पर्यटकों की उमड़ी भीड़

# मानसून में निखरा सिद्धखोल जलप्रपात का सौंदर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल

मानसून के आगमन के साथ ही बलौदाबाजार जिले का कसडोल बारनवापारा वन क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य की मखमली चादर ओढ़े नजर आ रहा है। राजधानी रायपुर से लगभग 122 किलोमीटर और कसडोल मुख्यालय से महज 10 किमी दूर कसडोल-पिथौरा राजमार्ग पर स्थित सिद्ध-खोल जलप्रपात इन दिनों पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

घने जंगलों और पहाड़ियों से घिरे सिद्ध-बाबा नाम से प्रसिद्ध इस घाटी में करीब 40-50 फीट की ऊंचाई से दूधिया जलधारा नीचे गिरती है, जिसके निचले हिस्से में एक शेर की गुफा भी स्थित है। बारिश के मौसम में सक्रिय होने वाले इस झरने की कल-कल ध्वनि और आसपास का मनमोहक वातावरण प्रकृति प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर रहा है।

कसडोल ब्लॉक में सिद्धखोल के अलावा धसकुण्ड और कुटन नाला वॉटर फॉल जैसे 5 से







अधिक बरसाती झरने सक्रिय हो गए हैं। चट्टानों से रिसते पानी से बने ये अस्थायी झरने केवल बारिश के कुछ महीनों तक ही दिखाई देते हैं, जो इनकी खूबसूरती को और भी खास बनाता है। शहरों की भागदौड़ से दूर, सुकून और ताजगी की तलाश में लोग यहां अपने परिवारों के साथ पिकनिक मनाने पहुंच रहे हैं। वहीं, बड़ी संख्या में युवा, फोटोग्राफर्स और सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स भी इस अद्भुत दृश्य को अपने कैमरों में कैद कर रहे हैं, जिससे यह क्षेत्र एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में उभर रहा है।

सिद्ध-बाबा वास्तव में एक छोटी सी घाटी है जहां ऊपर की चोटी से पानी का प्रवाह नीचे 40-50 फीट नीचे गिरता है, जो कि सिद्ध-खोल वाटरफॉल के रूप में प्रसिद्ध है । प्रायः बारिश के समय ही इस खूबसूरत स्थान में पानी का प्रवाह देखा जाता हैं। इस झरने के निचे हिस्से में शेर का गुफा है और चारों तरफ जंगल, पेड़ झाड़ियो और पहाडियों से घिरा हुआ है जो इसे पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाता है।

## सभी पीएचसी में एंटी वेनम वेक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने मंगलवार को समय -सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने बारिश के मौसम में सर्पदंश की बढ़ती घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में एंटी वेनम वेक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

- कलेक्टर ने नदी-नालों में बाढ़ की स्थिति पर कड़ी निगरानी व सतर्क रहने दिए निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि अस्पतालों में स्टॉफ सहित सभी बुनियादी सुविधाएं सुलभ हो, मौसमी बीमारियों से निपटाने सभी स्वास्थ्य अमले अलर्ट मोड़ पर रहे। विकासखंड स्तर पर गठित क्विक रिस्पॉन्स टीम हमेशा सतर्क हो और सूचना प्राप्त करे। किसी भी क्षेत्र में महामारी की सूचना मिलने पर तत्काल टीम पहुंच जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में खान -पान, शुद्ध पेयजल आदि के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान चलाएं। मितानिन की दवा पेटी में सभी बुनियादी दवाई उपलब्ध हो। मितानिन हर दिन गृह भेंट कर ग्रामीणों से मिलकर हाल चाल जाने और किसी की तबियत खराब हो तो उसकी सूचना पीएचसी को देना चाहिए। कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारियों को विभिन्न पेयजल स्त्रोतो का वाटर टेस्टिंग एवं क्लोरिनीकरण शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री शर्मा ने विगत दिनों से जिले में हो रही तेज बारिश के कारण नदी-नालों का जल स्तर बढ़ने से बाढ़ की स्थिति में पशु एवं जन सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए राजस्व, पुलिस एवं आपदा राहत टीम को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि 5 चिन्हांकित पुल में आवागमन प्रतिबंधित करने के साथ ही लोगों को समझाईश देने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जिला कंट्रोल रूम को 24 घण्टे सक्रिय रखने के भी निर्देश दिये।

कलेक्टर ने खरीफ सीजन में खाद -बीज की उपलब्धता एवं केसीसी ऋण वितरण की समीक्षा करते हुए किसानों को शासन के निर्देशानुसार उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने नई समितियों में भी खाद -बीज वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने छूटे हुए किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन के लिये कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियो को जरुरी समन्वय करने कहा। इस दौरान राजस्व प्रकरण, राजस्व कोर्ट केस, स्वामित्व योजना,पीएम आवास ग्रामीण एवं शहरी, मुख्यमंत्री जानदर्शन,सीएम हेल्पलाइन, सीपी ग्राम्स, सड़क एवं पुल -पुलिया निर्माण, समय -सीमा के आवेदन आदि पर विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, अभिषेक गुप्ता, एआर टंडन, निशा नेताम मड़ावी, सीमा ठाकुर सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## टमाटर सहित कई सब्जियों में राहत की बारिश, दाम 50 रुपए के अंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में टमाटर की फसल समाप्त होने के बाद इस बार गर्मी में प्रदेश के टमाटर की फसल के बाजार में आने के बाद इसके दाम ज्यादा रहे हैं। लोकल टमाटर 40 से 50 रुपए किलो बिका है। लेकिन अब प्रदेश की फसल पूरी तरह से बंद हो गई है। इस समय टमाटर की पूरी आवक बेंगलुरु से हो रही है।

वहां से टमाटर बहुत ज्यादा सस्ता आ रहा है। भाड़ा ज्यादा होने के कारण ही यहां पर यह थोक में 10 से 12 रुपए में बिक रहा है। ऐसे में ज्यादातर चिल्हर सब्जी मंडियों में इसके दाम 20 से 25 रुपए किलो है।

**परवल 200 रुपए किलो** : सबसे महंगी सब्जी परवल थोक में 180 से 185 और चिल्हर में 200 रुपए किलो है। धनिया थोक में 100 और चिल्हर में 40 रुपए पाव बिक रहा है। ढेस थोक में 50 से 60 और चिल्हर में 80 से 100 रुपए किलो है। अदरक के दाम आसमान पर है। इसके दाम थोक में 200 रुपए और चिल्हर में 60 से 70 रुपए पाव है।



### *हर सब्जी अभी सस्ती*

*इस समय ज्यादातर सब्जियों के दाम बहुत कम है। यह बात अलग है कि हमेशा की तरह चिल्हर में लूट के कारण इसके दाम ज्यादा हैं। भिंडी थोक में जहां 25 से 30 रुपए है, वहीं चिल्हर में इसके दाम 40 से 50 रुपए है। करेला थोक में 25 से 30 और चिल्हर में 40 से 50 रुपए, कुदरू थोक में 30 से 35 और चिल्हर में 50 से 60 रुपए, कोचाई थोक में 20 से 25 और चिल्हर में 40 से 50 रुपए, फूल गोभी थोक में 35 रुपए और चिल्हर में 50 से 60 रुपए, पत्ता गोभी थोक में 12 रुपए और चिल्हर में 20 रुपए, लौकी थोक में 4 से 6 रुपए और चिल्हर में 15 से 20 रुपए, कद्दू थोक में 8 रुपए और चिल्हर में 20 रुपए है।*

## पेज 9 के शेष

### उफनते नाले में...

कराई। उन्होंने प्रशासनिक अमले को लगातार सर्च ऑपरेशन जारी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, कोतवाली थाना प्रभारी लखेश केवट सहित एसडीआरएफ की टीम मौजूद रही।

**लापता युवक की सूचना देने गांवों में करायी गई मुनादी:** एसपी ओ.पी. शर्मा के निर्देश पर कोतवाली पुलिस की टीम भी लापता कर्मचारी कार्तिक ध्रुव की तलाश में जुटी हुई है। नाले के किनारे बसे गांवों में मुनादी कराकर ग्रामीणों से किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करने की अपील की गई है।

### तेज बारिश से...

की जानकारी दी गई। पटवारी ने कहा कि बारिश के कारण गरीब परिवार आशियाना टूटने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र आर बी सी 6.4 के नियमों के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। पटवारी द्वारा मौके मुआयना करने और नुकसान का आंकलन कर मुआवजा की राशि निर्धारित की जाती है। वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद प्रवेश दुबे ने पीड़ित परिवार को हर हालत में मुआवजा की राशि दिलवाने का आश्वासन दिया।

### बारिश से जमनैया ...

बाहर निकल आयी हैं, जिससे उनकी साइकिलें आए दिन पंक्चर हो जाती हैं और पैर में चोट लगने का भी खतरा बना रहता है। बरसात में जब पुल पानी में डूब जाता है, तब यह खतरा और अधिक बढ़ जाता है। विद्यार्थियों ने पुल की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।उन्होंने कहा समय रहते मरम्मत, बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड और वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन को दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए और ग्रामीणों व विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

### बरछा नाला का ...

संभव नहीं है, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों एवं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग द्वारा तत्काल स्थल का निरीक्षण कराया जाए तथा टूटी हुई लोहे की पुलिया के स्थान पर शीघ्र नवीन आरसीसी पुलिया का निर्माण कराया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और खेती-किसानी के कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकें। ग्रामीणों ने प्रशासन से जनहित एवं किसानों के हित में इस महत्वपूर्ण समस्या पर तत्काल निर्णय लेकर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की अपील की है।

### हत्या के दोषी...

के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के समक्ष अभियोजन साक्षियों के बयान पूर्ण होने पर अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने आरोपी को इस आपराध के लिए कठोर दंड से दंडित किये जाने का निवेदन किया। अपर सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार जायसवाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते पर आरोपीगण द्वारा किया अपराध सिद्ध होना पाया इसलिए धारा 302 भा. द. संहिता के तहत दोषी ओमप्रकाश ध्रुव एवं गोपाल ध्रुव को आजीवन कारावास एवं आर्थिक दंड की सजा से दंडित किया गया है। शासन की ओर से पैरवी कैलाश यादव एवं प्रकरण की विवेचना निरीक्षक हेमंत पटेल ने की।

## कुम्हारी टोल प्लाज़ा बंद होने का दावा झूठा

**रायपुर**। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता वन्दना राजपूत ने कुम्हारी टोल प्लाजा में अवैध वसूली को लेकर कहा, रायपुर सांसद ने जून 2026 को कुम्हारी टोल प्लाज़ा को बंद होने का दावा किया था। हर दावे की तरह यह दावा भी खोखला निकला। कुम्हारी टोल प्लाज़ा के बंद होने की ख़बर का ख़ूब प्रचार प्रसार किया गया था बकायदा मैं पोस्ट करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कुम्हारी टोल प्लाज़ा के बंद होने की घोषणा को लेकर प्रधानमंत्री एवं परिवहन मंत्री का आभार भी जताया गया था।

## भारी वर्षा की संभावना पर स्कूलों में अवकाश घोषित करे प्रशासन

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीस गांधी ने कहा, कल मौसम विभाग द्वारा रायपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों के लिए भारी वर्षा की पूर्व चेतावनी जारी की गई थी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से सरकारी अलर्ट एसएमएस भी भेजा गया। इसके बावजूद रायपुर सहित अन्य जिलों में विद्यालय खुले रहे। भारी बारिश और जलभराव के बीच कई छोटे-छोटे बच्चे भीगते हुए स्कूल पहुंचे, जबकि अभिभावकों और स्कूल वाहनों को भी आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ऐसे मौसम में बच्चों का स्कूल जाना उनके स्वास्थ्य के लिए भी जोखिमपूर्ण है।


### जब्ती पत्रक के साथ जब्त सामान पर लगेगा बारकोड

# कोतवाली के बाद अब गुढ़ियारी थाने में बना ई-मालखाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कोतवाली के बाद सोमवार को गुढ़ियारी थाने के माल खान को ई-मालखाना के रूप में तब्दील किया गया है। पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला और एडिशनल पुलिस कमिश्नर अमित तुकाराम कांबले ने इसका शुभारंभ किया। पुलिस का दावा है कि नई व्यवस्था से जब्त सामान की निगरानी, रिकॉर्ड और ट्रैकिंग पहले की तुलना में अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित होगी।

ई-मालखाना का उद्घाटन करने के पहले इसका डेमो दिखाया गया। इसमें डिजिटल पंजीयन, बारकोड आधारित पहचान, रैकवार स्टोरेज और रिकॉर्ड ट्रैकिंग की पूरी



प्रक्रिया समझाई गई। इस मौके पर नार्थ डीसीपी मयंक गुर्जर, डीसीपी वेस्ट संदीप पटेल सहित अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। डीसीपी मयंक गुर्जर ने बताया कि ई-मालखाना लागू करने से पहले थाने में रखे सभी जब्त सामान का भौतिक सत्यापन कराया गया।

इसके बाद मालखाने को वैज्ञानिक तरीके से रैकवार व्यवस्थित किया गया। सामान को ए-1, ए-2, बी-1, बी-2 जैसी श्रेणियों में रखा गया, ताकि जरूरत पड़ने पर उसकी लोकेशन तुरंत पता चल सके।

### जब्त सभी सामान पर बारकोड

जब्त सभी तरह के समान पर बारकोड लगाया गया है और उसका सॉफ्टवेयर के जरिए डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया गया है। इससे अब सामान जमा करने, निकालने और खोजने की प्रक्रिया तेज और आसान हो जाएगी। ई-मालखाना सिस्टम में हर जब्त सामान का पूरा रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा। इसी पूरे प्रोसेस को चेन ऑफ कस्टडी कहा जाता है, जो किसी भी केस में सबूत की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है।

### तीन जगहों पर बारकोड टैग किया जा रहा

पुलिस अफसरों के अनुसार बारकोड तीन अलग-अलग जगहों पर लगाए जा रहे हैं। पहला जब्त माल पर इसके बाद जब्ती पत्रक और मालखाना रजिस्टर में। इसका मकसद जब्त सामान से जुड़ी हर जानकारी आपस में डिजिटल तरीके से लिंक रहे और किसी भी स्तर पर गड़बड़ी या भ्रम की स्थिति न हो।

## खबर संक्षेप



### माना कैंप में डॉ. मुखर्जी की मनाई जयंती

**रायपुर।** नगर पंचायत माना कैंप के पूर्व अध्यक्ष श्यामा प्रसाद चक्रवर्ती ने सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके तेल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया और वरिष्ठ एवं विशिष्टजनों को सम्मान किया। इस मौके पर श्री चक्रवर्ती ने डॉ. मुखर्जी को एक विशिष्ट राष्ट्र निर्माता, प्रख्यात शिक्षाविद और दूरदर्शी नेता के रूप में याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना जीवन भारत की एकता, गरिमा और प्रगति के लिए समर्पित कर दिया था। इस अवसर पर नगर पंचायत माना कैंप के अध्यक्ष संजय यादव, भाजपा माना मंडल के अध्यक्ष भीमवंत निषाद, के. एबु उपाध्यक्ष, नरेश पिल्लै, सौरभ आहूजा, पार्षद नंदलाल बर्मन, तरुण राय, प्रदीप विश्वास, शक्ति मंडल, संजय साहा आदि उपस्थित थे।

### नवनामांकित पार्षदों का सदन में किया स्वागत



**रायपुर।** नगर निगम सामान्य सभा सभागार में आयोजित विशेष सम्मिलन की बैठक में शामिल होने पहुँचे नगर निगम रायपुर में नव नामांकित पार्षदों का महापौर मीनल चौबे, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने बुके देकर स्वागत किया। नव नामांकित पार्षद पहली बार विशेष सामान्य सभा की बैठक में शामिल होने गांधी सदन आए। इनमें रामकिकर सिंह, विनय ओझा, मनीष करडमुजे, मित्रसेन धीमान, राजू राधवानी, गोपाल सोना, बी. श्रीनिवास राव, गोपी साहू, विक्रम सिंह ठाकुर, ऋषि साहू शामिल रहे।

### पत्नी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** मचेवा में एक महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 6 जुलाई को ग्राम मचेवा की रितु देवांगन के साथ गाली गलौज करते हुए उसके हुलस देवांगन ने डंडे से मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने ग्राम कुटेला के तालाब पुलिया के पास एक आरोपी के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी शोभाराम मांझी पिता प्रेमलाल मांझी (36 साल) माधोपाली थाना सरायपाली के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### खट्टी में 16 को निकलेगी रथयात्रा

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली जाएगी। रथयात्रा गांव के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना के बाद रथयात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के बाद प्रसादी का वितरण भी किया जाएगा। श्री सत्यनारायण मंदिर के पुजारी सुभाष शर्मा तथा आयोजन समिति के करण, अर्जुन तिवारी, मोतीलाल तिवारी, खुशबू उपाध्याय और खुशी उपाध्याय ने सभी श्रद्धालुओं से रथयात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

### शीतला मंदिर में माता पहुंचनी कल

**बागबाहरा।** शीतला मंदिर ढांगा डिपरा (थाना पारा) वार्ड नंबर 4 में 9 जुलाई गुरुवार को माता पहुंचनी का कार्यक्रम रखा गया है। समिति द्वारा ठंडाई एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। साथ ही माता मंदिर में जसगीत का कार्यक्रम होगा। समिति के संरक्षक व नगर पालिका बागबाहरा के उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू ने समस्त मोहल्लेवासी एवं नगरवासियों को मंदिर पहुंचकर मां शीतला का आशीर्वाद लेने का अनुरोध किया है।

# मुड़पार में माता पहुंचनी का उल्लास, गाजे-बाजे के साथ उमड़ी आस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

पहले आषाढ़ पर सोमवार को ग्राम मुड़पार स्थित माता मंदिर में पारंपरिक माता पहुचनी का आयोजन श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। शाम से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे महिला, पुरुष, युवा और बच्चों ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

पूजन के पश्चात मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण की व्यवस्था सुव्यवस्थित रही और स्वयंसेवकों ने सेवा भाव से सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद उपलब्ध कराया। आयोजन के दौरान सामाजिक सौहार्द, भाईचारा और धार्मिक एकता की झलक देखने को मिली। ग्रामीणों ने बताया कि पहले आषाढ़ पर माता पहुचनी का यह धार्मिक आयोजन वर्षों से गांव की परंपरा का हिस्सा रहा है। हर वर्ष इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना करते हैं और गांव की खुशहाली, अच्छी फसल तथा सभी के सुखद जीवन की कामना करते हैं। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

**विशेष पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण, भजन-कीर्तन से गूंजा मंदिर परिसर**





**विधि-विधान से हुई माता की आराधना**

धार्मिक परंपरा के अनुसार माता की विशेष पूजा-अर्चना, नारियल अर्पण एवं विधि-विधान से आराधना की गई। इसके बाद ढोल, मंजीरा और पारंपरिक गाजे-बाजे की मधुर धुनों के बीच माता पहुचनी की रस्म संपन्न हुई। माता के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ भजन-कीर्तन में शामिल हुए और भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए।

## पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल

# हाई और हायर सेकंडरी स्कूल की पूरक परीक्षा आज से, 303 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

■ 19 शासकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थी होंगे शामिल

माध्यमिक शिक्षा मंडल की हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल प्रमाणपत्र पूरक परीक्षा का शुभारंभ 8 जुलाई से होगा। परीक्षा का आयोजन परीक्षा केंद्र क्रमांक 111143 स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल, सुहेला में किया जाएगा। परीक्षा को लेकर समस्त प्रशासनिक एवं शैक्षणिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

प्राचार्य डी.पी. कोसले ने बताया कि पूरक परीक्षा प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक संचालित होगी। इस केंद्र में हाई स्कूल के लगभग 201 एवं हायर सेकंडरी के लगभग 102, कुल 303 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा में क्षेत्र के लगभग 19 शासकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल होंगे।



इन विद्यालयों में प्रमुख रूप से शासकीय हाई स्कूल नेवारी, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नवापारा, भटभेरा, मोहरा, हिरमी, रावन, सुहेला, शिकारी केसली, जारौद, झीपन, बरडीह, फरहदा, आमकोनी, खपराडीह एवं पडकीडीह सहित अन्य विद्यालय शामिल हैं। इसके अलावा निजी विद्यालयों में सशक्त विद्यालय हाई स्कूल मोहरा, शांति देवी विद्यालय सुहेला, ज्ञानोदय शिशु मंदिर, रावन, सर्वहितकारिणी विद्यालय पड़कीडीह तथा ज्ञानोदय हायर सेकेंडरी स्कूल हिरमी के परीक्षार्थी भी इसी केंद्र पर परीक्षा देंगे।

पूरक परीक्षाएं 8 जुलाई से 22 जुलाई तक संचालित होंगी। परीक्षा अवधि के दौरान विद्यालय की नियमित कक्षाएं प्रभावित नहीं होंगी। शेष विद्यार्थियों की पढ़ाई दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक दूसरी पाली में संचालित की जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षार्थियों से निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचने, प्रवेश पत्र एवं आवश्यक सामग्री साथ लाने तथा माध्यमिक शिक्षा मंडल के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# बुडगहन में भाजपा मंडल की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

भाजपा सुहेला मंडल की बैठक जिला मंत्री शिव कटरिया के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन महामंत्री युगल किशोर वर्मा एवं आभार प्रदर्शन रामकुमार साहू ने किया जिला मंत्री शिव कटरिया ने कहा हम सबको आज पार्टी के इतिहास को जानना है और सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करना है इसी उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म पर सरल ऐप के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा जिसमे मंडल से 500 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार ने कहा की नवाचार एवं नव प्रयोग का दौर चल रहा है हमें भी उसके अनुकूल तैयार होना है। बैठक में ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री डॉ धनीराम साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष कुलदीप वर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष मानेश्वरी साहू, भुनेश्वर साहू, रूपेन्द्र वर्मा, तिलक वर्मा, मंजू साहू, ममता राव, सुमन वर्मा, मनीष साहू, संदीप वर्मा, टुकेंद्र वर्मा, संतोष वर्मा, शंकर वर्मा, टीकाराम निषाद, रिकेश साहू, रितेश लहरी, मंत राम बंजारे, प्यारे लाल बाघमार, देवनाथ साहू, बच्चन मानिकपुरी, अनिल वर्मा, खोड़श वर्मा, डिलेश्वर वर्मा, भूषण वर्मा, राजेश साहू, मेघनाथ साहू, देव नारायण वर्मा, उदेराम यादव, बेनीराम साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छात्रों ने स्कूल में किया सामूहिक पुस्तक वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

■ विकासखंड शिक्षा अधिकारी साहू सामूहिक पुस्तक वाचन में शामिल हुए

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विकास खंड बिलाईगढ़ के सभी विद्यालयों में सामूहिक पुस्तक वाचन किया गया।

कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने एक साथ सा मू हि क पुस्तक वाचन किया तथा साथ ही साथ पुस्तक वाचन के माध्यम से विद्यार्थियों को साहित्य के अध्ययन की महत्ता से अवगत कराया गया।




विकासखंड शिक्षा अधिकारी एस एन साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला बस्ती धौराभाठा एवं शासकीय प्राथमिक शाला मौहाडीह में आयोजित सामूहिक पुस्तक वाचन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने स्वयं छात्रों के साथ मिलकर सामूहिक पुस्तक वाचन किया। बीई ओ सत्यनारायण साहू ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पुस्तकें ज्ञान का सबसे बड़ा स्त्रोत हैं और नियमित अध्ययन और पाठन से छात्र-छात्राएं समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में पठन संस्कृति को बढ़ावा देना एवं साहित्यिक अभिरुचि विकसित करना है। उन्होंने बताया कि आज पूरे बिलाईगढ़ विकासखंड में कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी डीईओ के निर्देश में पुस्तक वाचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूली छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में पुस्तक वाचन कर विभिन्न विषयों का ज्ञान प्राप्त किया।इस अवसर प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में विद्यार्थी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और एकाग्रता के साथ वाचन में भाग लेकर अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

# आयोग ने विधवा को दिलाई मृतक पति की बीमा क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बीमा कंपनी द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत मृतक पति की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि प्रदाय नहीं किये जाने के मामले में उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा बीमा कंपनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बीमा योजना के तहत बीमा क्षतिपूर्ति राशि 2 लाख एवं उपभोक्ता को मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15 हजार तथा बाद-व्यय हेतु 7 हजार रुपये परिवादिनी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया।

कसडोल विकासखण्ड के ग्राम सारसडोल देवतराई निवासी परिवादिनी मीना परधी के पति स्व. जम्हर सिंह का छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक कसडोल में खाता था, जिससे मृतक जम्हर सिंह द्वारा प्रीमियम राशि देकर विरोधी पक्षकार नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना पालिसी लिया था दुर्घटना में जम्हर सिंह की मृत्यु होने पर मृतक की पत्नी एवं पालिसी की नामिनी परिवादिनी मौना परधी द्वारा मृतक पति की बीमा क्षतिपूर्ति की राशि




प्राप्त करने बाबत बीमा कंपनी के कार्यालय में बीमा दावा प्रस्तुत किया गया।बीमा कंपनी द्वारा बीमा दावा निरस्त कर दिया गया जिससे परिवेदित होकर परिवादिनी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया।

**बीमा क्लेम खारिज करने पर आयोग सख्त क्षतिपूर्ति सहित राशि देने के निर्देश**

आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चांवला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि बीमा कंपनी द्वारा बीमा दावा निरस्त करने का मूल आधार लिया गया है कि मृतक नशे की हालत में तेजी से लापरवाहीपूर्वक मोटर सायकल चलाते हुये स्वयं दुर्घटना कारित किया है एवं उसके पास वैध व प्रभावी ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। विरोधी पक्षकार का उक्त तर्क मान्य योग्य नहीं है, क्योंकि प्रस्तुत प्रकरण में विरोधी पक्षकार द्वारा बीमा दावा का निर्धारण करने हेतु कौन कौन से दस्तावेज की माँग परिवादिनी से की गई है उस सम्बन्ध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं है। दावा निरस्त किये जाने की सूचना संबंधित दस्तावेज में भी मृतक के ड्रायविंग लाइसेंस के अभाव में दावा निरस्त किये जाने का उल्लेख नही है। शव परीक्षण प्रतिवेदन में सिर्फ इस बात का उल्लेख है कि मृतक के पेट में अल्कोहल मौजूद था किन्तु अल्कोहल की मात्रा के संबंध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं है। विरोधी पक्षकार नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए बीमा योजना के तहत बीमा क्षतिपूर्ति राशि 2 लाख एवं उपभोक्ता को मानसिक व आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 15 हजार तथा वाद-व्यय-हेतु 7 हजार रूपये परिवादिनी को आदेश दिनांक से 45 दिवस के भीतर प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया।

### बसना में एक ही दिन दो दुकानों में चोरी

**महासमुंद।** बसना में एक ही दिन दो दुकानों में चोरी होने का मामला सामने आया है। बसना थाने में दोनों मामलों में अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी अजय अग्रवाल की मेन रोड बसना में श्री राधे कपडा बाजार का दुकान है। 06 जुलाई की सुबह करीब 08.45 बजे प्रार्थी को उसके भाई आकाश अग्रवाल ने फोन कर बताया कि दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ था और दुकान के गल्ले का लॉक टूटा हुआ था, जिसमें रखे 31500 रुपए नहीं थे। इसके अलावा अंडरगारमेंट्स तथा अन्य कुछ कपड़े कीमत 20000 रुपए नहीं थे। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305, 331(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। इसी तरह मोबाइल शॉप संचालक मोहम्म1द शाहिद फुलारा की दुकान से भी 40 हजार रुपए नगद चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रार्थी ने बताया कि जब 6 जुलाई की सुबह करीब 07.45 बजे उसे ताहिर फुलारा ने फोन कर बताया कि दुकान के शटर के ताले टूटे हुए हैं।

### माठ में पौधारोपण अभियान 12 को

**खरोरा।** ग्राम पंचायत माठ में 12 जुलाई को ग्रामीण विकास जन कल्याण समिति द्वारा चलाए जा रहे अभियान पेड़ दान महादान का अभियान रखा गया है। इस दौरान पौधारोपण किया जायेगा। इसमें मुख्य नारायण कुमार पल्लवी साहित्यकार छत्तीसगढ़ एवं विशिष्ट अतिथि नरोत्तम शर्मा किसान महासभा एवं समस्त सदस्यगण पर्यावरण संरक्षण के लिए समिति द्वारा काम किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष गोवर्धन पाल ने कहा पर्यावरण संरक्षण के लिए हमारे समिति द्वारा पेड़ दान महादान के अभियान में बाबा मौली आश्रम पेड़ लगाया जाएगा, जिसमें कई लोगों ने पेड दान किया है। वहीं सभी लोगों से भाई बहन से अनुरोध किया है। इस अभियान सभी लोग भाग ले आने वाले दिनों में हर पंचायत में अभियान समिति द्वारा चलने जा रहे हैं। हमारे समिति सभी लोग सदस्यता ले सकते हैं सदस्यता अभियान भी चलाया जा रहा है जिसमें समिति महिला अध्यक्ष पुजा पाल, महामंत्री आराधना पाल, कोषाध्यक्ष केवरा पाल, सचिव धनेश्वरी वर्मा व समस्त सदस्यों उपस्थित रहेंगे समय 11 बजे कार्यक्रम किया जाएगा।

# रोजगार मेला आज, 264 पदों पर होगी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ 7 हजार से 26,700 रुपये तक मिलेगा वेतन

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार द्वारा रोजगार कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में 8 जुलाई बुधवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में कुल 264 पदों पर भर्ती की जाएगी।

रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार नियोजक भारतीय जीवन बीमा बलौदाबाजार द्वारा अभिकर्ता के 50 पद, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के 1 पद, मैनेजर के 1 पद, उम्र 18 से 50 वर्ष, योग्यता एवं वेतन 7 हजार से 20 हजार इन्सेंटिव एवं कमीशन, पदानुसार, अनुभव 0 से 02 वर्ष कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। ऋषभ वेंचर्स बलौदाबाजार द्वारा सेल्स के 11 पद, इलेक्ट्रीशियन के 1 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 1 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं से स्नातक, आईटीआई, डिप्लोमा कम्प्यूटर उत्तीर्ण एवं अनुभव 1 से 3 वर्ष, उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन पदानुसार 9 हजार से 12 हजार रुपए तक देय होगा। कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। किरण एग्रीकल्चर बलौदाबाजार द्वारा सेल्स के 11 पद, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 2 पद, एकाउंटेंट के 1 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं, स्नातक, डिप्लोमा कम्प्यूटर उत्तीर्ण एवं अनुभव 0 से 1 वर्ष, उम्र 18 से 40, वेतन पदानुसार 8 हजार से 12 हजार रुपए तक, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। यूनिक्स सॉल्यूशन प्रा. लि. रायपुर द्वारा डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के 35 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं से उच्च उत्तीर्ण एवं अनुभव 0 से 01 वर्ष, उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन 15 हजार 600 रूपए से 26 हजार 700 रूपए, कार्यक्षेत्र रायगढ़ होगा एवं आश्रव फाउंडेशन एंड सिक्योरिटी रायपुर द्वारा बेबीसिटर के 30 पद, सिक्योरिटी गार्ड के 30 पद, सुपरवाईजर के 30 पद, हाउस किपिंग के 30 पद, शैक्षणिक योग्यता 5वीं से उच्च उत्तीर्ण एवं अनुभव 0-01 वर्ष, उम्र 18 से 35 वर्ष, वेतन 9 हजार से 24 हजार रूपए तक, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। रोजगार मेला में भाग लेने के लिये आवेदकों का जिला रोजगार कार्यालय का रोजगार पंजीयन एवं रोजगार हेतु ऑनलाईन आवेदन पंजीयन होना अनिवार्य है, इच्छुक आवेदक छत्तीसगढ़ रोजगार एप के माध्यम से अपना रोजगार पंजीयन एवं रोजगार हेतु आवेदन कर रोजगार मेला स्थल में उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते है।

इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त अंकसूची की छायाप्रति, जाति, निवास, रोजगार पंजीयन आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं रोजगार तथा रोजगार हेतु किये गये आवेदन की प्रिट कॉपी सहित आवेदक स्वयं की व्यवस्था के साथ उपस्थित हो सकते हैं।



